# 6 सब्ज़ियों की खेती

QRickit


0125CH06






रूमी और शमी खेत से सब्ज़ियाँ लाने में एक-दूसरे की सहायता कर रहे हैं। प्रत्येक के पास एक-एक टोकरी है और वे सब्ज़ियाँ उन टोकरियों में रख रहे हैं।


क.



रूमी की टोकरी



शमी की टोकरी





दोनों के पास हैं

7 टमाटर और 5 टमाटर मिलकर 12 टमाटर होते हैं।

7 + 5 = ______

ख.







एक टोकरी में 9 गाजर और दूसरी टोकरी में 4 गाजर हैं।

9 + 4 = ______

ग.





एक टोकरी में 8 मूली और दूसरी टोकरी में 8 मूली हैं।

8 + 8 = ______



## परियोजना कार्य


अपने घर/स्कूल/आस-पास सब्ज़ियों के कुछ पौधे उगाइए। अपने मित्रों एवं परिवार को अपने अनुभव बताइए एवं उगाए गए पौधों का ध्यान रखिए। आप काग़ज़ पर बढ़ते हुए पौधों का चित्र बना सकते हैं या उनके चित्र लगा सकते हैं।

© NCERT not to be republished

# मोती और माला

## आओ खेलें






© NCERT not to be republished

## दिखाइए कि आप इसे कैसे गिनेंगे?


13 + 4 =





14 + 5 =



6 + 8 =



5 + 7 =



## कूदिए और जोड़िए

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |

8 + 5 = 13      5 + 3 = 8

13 + 3 = ___      ___ + ___ = 13

2 + 16 = ___      ___ + ___ = 10

4 + 12 = ___      ___ + ___ = 18

## अपने तरीके से जोड़िए

क. सपना के पास 12 रंगीन पेंसिलें  हैं और गौरी के पास 6 रंगीन पेंसिलें  हैं। दोनों के पास कुल कितनी पेंसिलें हैं?




सपना ने इस प्रकार हल किया—

12 के आगे 6 और गिनें मिलकर हुए 18

12 + 6 = 18

शिक्षक जोड़ की प्रक्रिया पर बातचीत करें कि बच्चे किस प्रकार 12 गिनते हैं एवं उसमें 6 कैसे जोड़ते हैं। बच्चों द्वारा अपनाई गई कार्यनीतियों पर चर्चा करें।



© NCERT not to be republished

गौरी ने इसे इस प्रकार हल किया—

$$12 + 6$$

$$10 + \underbrace{2 + 6}$$

$$10 + 8 = 18$$




क्या आप इसे किसी अन्य तरीके से हल कर सकते हैं? प्रयास कीजिए एवं अपने शिक्षक से चर्चा कीजिए।

ख. अमन के पास 8 लड्डू हैं एवं चरनजीत ने 6 लड्डू खरीदे। दोनों के पास कुल कितने लड्डू हैं? [ ]





ग. शीना के पास 12 चूड़ियाँ हैं। उसकी बहन ने 6 चूड़ियाँ और दीं। अब उसके पास कुल कितनी चूड़ियाँ हैं? [ ]






## आओ करें

आप पिकनिक पर क्या ले जाना पसंद करेंगे? अपने मित्र के साथ चर्चा कीजिए। चर्चा के पश्चात इन वस्तुओं के चित्र नीचे बनाइए एवं आवश्यकतानुसार उनके सामने संख्या लिखिए।





© NCERT not to be republished

# घटाव

कुछ अन्य संख्याओं के साथ घटाव कीजिए और लिखिए।



15 – 9 = 6

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. |  16 – 4 = | ख. |  12 – 5 = |
| ग. |  14 – 7 = | घ. |  16 – 6 = |
| ङ. | 15 – 5 = | च. | 15 – 0 = |
| छ. | 17 – 9 = | ज. | 13 – 3 = |

© NCERT not to be republished

# आगे कूदो, पीछे कूदो

अंजलि और रेणु कूदने का खेल खेल रही हैं।




| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |



## आओ करें

घर/मैदान में एक संख्या पट्टी बनाइए एवं एक ही स्थान पर पहुँचने के अलग-अलग तरीके निकालिए।

## जोड़िए, घटाइए और मिलान कीजिए

| | | |
|---|---|---|
| 8 + 7 | 12 | 15 – 3 |
| 9 + 9 | 15 | 18 – 1 |
| 10 + 2 | 14 | 17 – 2 |
| 16 + 1 | 17 | 18 – 0 |
| 11 + 3 | 18 | 16 – 2 |

ऐसे ही और प्रश्न बनाएँ और बच्चों से पूछें। प्रश्नों के उत्तर बताने के स्थान पर हल करने के तरीकों पर बातचीत करें। बच्चों को प्रश्न हल करने के अपने तरीके बताने दें।



© NCERT not to be republished

## इन्हें भी कीजिए।

क. एक कुम्हार के पास 9 दीये थे। उसने 5 दीये बेच दिए। फिर उसने 7 और दीये बनाए। अब उसके पास कुल कितने दीये हैं? ______



ख. बस में पहले स्टॉप पर 6 बच्चे चढ़े। दूसरे स्टॉप पर बस में 8 बच्चे और चढ़े। तीसरे स्टॉप पर 7 बच्चे बस से उतर गए। अब बस में कुल कितने बच्चे हैं? ______




ग. बस में कुल 18 सीटें हैं। इसमें पहले से 9 बच्चे बैठे हैं, गाड़ी में कितने बच्चे और बैठ सकते हैं? ______

घ. कुलजीत अपने डिब्बे में 14 टॉफ़ियाँ लेकर आई, कुछ टॉफ़ियाँ अपने मित्रों को बाँटने के बाद उसने देखा कि डिब्बे में 6 टॉफ़ियाँ बची हैं। उसने मित्रों को कितनी टॉफ़ियाँ बाँट दीं? ______

ङ. रमन ने 12 केले खरीदे और उनमें से कुछ केले खा लिए, उसके पास 5 केले बचे। उसने कितने केले खाए? ______

© NCERT not to be republished